मंत्री दिलावर को न्यायालय ने धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले में बरी किया

कोटा, (निसं)। रामगंजमंडी विधायक और प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर को शनिवार को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उन्हें रामगंजमंडी के न्यायालय ने धार्मिक भावनाएं भड़काने के पुराने मामले में बरी कर दिया है। फैसला उनके हक में आया, जिसके बाद मदन दिलावर ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। जानकारी देते हुए मदन दिलावर के वकील विशाल जैन ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2018 में मदन दिलावर की नामांकन रैली नवंबर महीने में हुई थी।

इस नामांकन रैली के दौरान डीजे पर एक गाना बजा था जिसको लेकर विशेष समुदाय के लोगों ने आपत्ति जाता दी थी और इस मामले में मदन दिलावर और डीजे मालिक ओमप्रकाश धाकड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच सीबीसीआईडी ने की थी। बाद में पुलिस ने रामगंजमंडी एसीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया था। एडवोकेट विशाल जैन का कहना है कि इस ट्रायल में 56 गवाहों के बयान हुए साथ ही 6 साल पुराने मामले में एसीजेएम कोर्ट ने 16 अक्टूबर को अंतिम बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे मंत्री मदन दिलावर की उपस्थिति में शनिवार को न्यायाधीश सुमन मीणा ने यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दिलावर और ओमप्रकाश धाकड़ दोनों को बरी कर दिया है। पूरे घटनाक्रम के बाद दिलावर ने न्यायालय परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि फैसले ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। मैंने कोई अपराध नहीं किया था। पूरी डिटेल तो फैसले की कॉपी आने के बाद ही पता चलेगी लेकिन न्यायालय ने मुझे बरी कर दिया है।इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे जिन्होंने दिलावर को बरी होने पर बधाई दी।

कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बागियों के खिलाफ लक्ष्मण रेखा खींची

कोटा, (निसं)। कोटा कांग्रेस में बागियों की वापसी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हाल ही में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे विजय सिंह राजू की वापसी पर उन्हें वरिष्ठ नेताओं के द्वारा माला पहनाई गई तो कोटा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने इसको लेकर खुले तौर पर नाराजगी जताई और अब वह बागीयों की वापसी के खिलाफ विद्रोह पर उतारू हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए प्रहलाद गुंजल को अपना प्रत्याशी बनाया तो चुनावी मुकाबला काफी कड़ा हो गया था। कांग्रेस दमदारी से चुनाव लड़ रही थी। इस बीच कांग्रेस के कई नेताओं ने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। इन नेताओं में कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, पूर्व शहर जिला अध्यक्ष गोविंद शर्मा, कांग्रेसी नेता संदीप भाटिया साहित कुछ पार्षद शामिल थे। इससे पूर्व विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े नेता तथा अशोक गहलोत के करीबी पंकज मेहता और पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा चुनाव में कोटा लोकसभा सीट से कांग्रेस कड़े मुकाबले में चुनाव हार गई।

अब महत्वपूर्ण समय पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नेता पुनः वापसी का रास्ता बना रहे हैं तो कांग्रेस नेताओं की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी में

कोटा कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बागियों की वापसी का खुला विरोध किया है।

प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शहर कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोइजुद्दीन गुड्डू, काँग्रेस सेवादल पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय भान सिंह शक्तावत ने एकसाथ एक ही सूत्र में कहा कि लोकसभा चुनाव में जिन कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को हराने का काम किया है और कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में चले गए ऐसे लोगों की कांग्रेस में वापसी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद किए जाने चाहिए। साथ ही जिन लोगों ने कांग्रेस नहीं रहते गुप्त रूप से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया है उन लोगों को भी कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाया जाए।

इस अवसर पर से कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेरने का काम जिन गद्दारों के द्वारा किया गया है उन लोगों की कांग्रेस में कोई चाहिए नहीं है और हम सभी ऐसे लोगों को कांग्रेस में दोबारा नहीं आने देंगे और जल्द ही इस संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलकर खुलकर चर्चा करेंगे और अपनी बात को मजबूती के साथ रखकर गद्दारों के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करवाएं मानेंगे। जिला युथ कांग्रेस अध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय जिन लोगों ने हमारे नेता राहुल गांधी के साथ गद्दारी करने का काम किया है ऐसे आस्तीन के सांपों का कांग्रेस में कोई स्थान नहीं है और कांग्रेस के सच्चे और ईमानदार कार्यकर्ता ऐसे लोगों को कांग्रेस में कभी स्वीकार नहीं करेंगे और जल्द ही प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व से बात करके ऐसे गद्दार लोगों के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा के लिए बंद करवाएंगे। आज हमने कांग्रेस कार्यालय के बाहर एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है जो भी गद्दार इस रेखा को पार करेगा उसका खुलकर विरोध किया जाएगा।

काँग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा, आज हमने कांग्रेस कार्यालय के बाहर एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है जो भी गद्दार इस रेखा को पार करेगा उसका खुलकर विरोध किया जाएगा

लोकसभा चुनाव के दौरान जिन बड़े नेताओं के कहने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में चले गए थे उन्ही नेताओं के कहने पर कांग्रेस संगठन मैं वापसी की राह बनाने वाले गद्दारों को कांग्रेस में नहीं लेना चाहिऐं और जिन नेताओं के कहने पर इन्होंने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को धोखा दिया है उन बड़े नेताओं को भी कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए हम सब एक होकर इन गद्दारों का विरोध करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता नीरज शर्मा, राजू पहाड़िया, सेवादल प्रदेश सचिव अमित सूद, आसिफ मिर्जा जिग्नेश शाह, ललित सरदार पार्षद सोनू अब्बासी पार्षद शीतल मीणा पार्षद दुष्यंत सिंह युवा नेता राजीव गौतम, युवा नेता मोहम्मद जुबेर माया जैन रेहाना अंसारी अप्सरा बानो, लोकेश पारीक, चेतन मेवाड़ा सरदार तेजपाल सिंह भोला, प्रदीप सुमन विजय कोडप, महेश अनीजवाल उमर सीआईडी मनीष गुर्जर मनीष सुमन धनराज नरवाला महेश रेगर जुनैद अंसारी बुधराज सिंह हाड़ा दानिश अंसारी जितेंद्र वर्मा राहुल मेवाड़ा मनोज जी आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

'भगत सिंह को आदर्श मानकर कार्य करें युवा'

बून्दी (निसं)। हुतात्मा दिवस के अवसर पर 5 नवंबर से 15 नवंबर तक वर्ष 1990 में राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों की याद में बजरंग दल पूरे जिले में हर प्रखंड केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। यह निर्णय अखाड़ा वाले हनुमान मंदिर, बालचंद पाड़ा में आयेजित बजरंगदल की जिला बूंदी की मासिक बैठक में लिया गया।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बजरंग दल कोटा विभाग संयोजक रवि स्वामी ने कार्यकर्ताओं को धर्म मार्ग पर चलते हुए देश के सभी युवाओं को भगत सिंह को आदर्श मानकर कार्य करने आ ान किया। जिला संयोजक लक्की चोपड़ा ने बताया कि बजरंग दल 1990 में राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए राम भक्तों की याद में हुतात्मा दिवस के अवसर पर 5 नवंबर से 15 नवंबर तक पूरे जिले में हर प्रखंड केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने के साथ दिसंबर माह में गीता जयंती पर शौर्य दिवस के उपलक्ष में हर प्रखंड केंद्र पर भव्य त्रिशूल दीक्षा का आयोजन भी करेगा। जिले भर में आयेजित इस त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम में प्रांत और प्रदेश पदाधिकारियों का मागदर्शन प्राप्त होगा।

सार-समाचार

विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सतर्कता अभियान चलाया

रामगंजमंडी (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता कोटा वृत एस.सी.जांगिड के निर्देशानुसार रामगंजमंडी खंड में बढ़ रहे विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सतर्कता अभियान चलाया गया।जिसमें कोटा वृत से अधिशाषी अभियंता सतर्कता, सहायक अभियंता सतर्कता, सहायक अभियंता सुकेत, चेचट , रामगंजमंडी, एचटीएम , दीगोद, सुल्तानपुर, कनवास, कोटा ग्रामीण की सम्मिलित टीम द्वारा कार्रवाई की गई।उक्त जानकारी देते हुए विष्णुदत्त लोधा अधिशाषी अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ने बताया कि सतर्कता जांच के दौरान सुकेत में सलावद रोड, मस्जिद रोड, नयापुरा, खीमच, निमाना, सहरावदा, हीरियाखेड़ी, चारियाखेडी, मोडक स्टेशन, तनवलिया, खैराबाद, रामगंजमंडी में गरीब नवाज, हाउसिंग बोर्ड, आदर्श नगर कॉलोनी में कार्यवाही की गई।सतर्कता जांच के दौरान कुल 85 उपभोक्ताओं / गैर उपभोक्ताओं के विरुद्ध कारवाही करते हुए विद्युत चोरी की वीसीआर भरी गई एवं 27 लाख 14 हजार 359 रुपए का जुर्माना वसूला गया है एवं नोटिस जारी किया गया है। नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस के अन्दर अगर जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर निगम नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी सतर्कता जांच जारी रहेगी।

चरिटेबल ट्रस्ट ने पौधे लगाए

कोटा, (निसं)। सुभाष चंद्र बोस चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर एक पेड़ माँ के नाम पर शक्ति नगर स्थित आकाँक्षा दीप आवास समिति में पौधारोपण का कार्य क्रम किया गया। सुभाष चन्द्र बोस चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तलवार ने बताया की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर ज़िला अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिये ट्री गार्ड लगाये गये। पोधों की रख रखाव का ज़िम्मा आकाँक्षा दीप आवास समिति ने लिया गया। ज़िला अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सपना हरा-भरा शहर हो। हम सभी के प्रयास से कोटा चम्बल की धरती पर यह सपना साकार करेंगे ओर लगातार पौधारोपण करते रहेंगे। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए हम घर-घर जाकर पौधे लगाएँगे जनता को जागरुक करेंगे हमारा उधेश्य रहेगा की हर घर से हर व्यक्ति माताएँ बहिने सभी अपने-अपने नाम का एक-एक पोधा अवश्य लगायें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष रितेश चित्तोड़ा, ज़िला उपाध्यक्ष देवेंद्र रही, पार्षद धीरेंद्र चौधरी, सीए भूनेश गुप्ता, महिला मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष रेखा खेरवाल, मोनी शारदा आदि उपस्थित थे।

एस.डी.पी. डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा त्यौहार के सीजन में भी लोगों की निरंतर मदद की जा रही है, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अब परेशान नहीं हो रहे हैं, उन्हें भी समय रहते एसडीपी उपलब्ध कराई जा रही है। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि बारां जिले के किसी गांव की रेखा बुलिवाल की प्लेटलेट कम हो गई थी, उन्हें कोटा लाया तो चिकित्सकों ने प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए कहा, ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स के लिए मैसेज वायरल किया गया, ऐसे में कोटा शहर में साइबर क्राइम एक्सपर्ट और एसआई प्रताप सिंह शेखावत ने मैसेज देखा तो वह किसी केस में व्यस्त थे। लेकिन जब स्थिति की गंभीरता से अवगत हुए तो वह सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने आठवीं बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व पांच बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। प्रताप सिंह साईबर क्राईम के बारे में लोगों को जागरूक तो कर ही रहे हैं साथ ही सेवा के माध्यम से लोगों के जीवन को बचाने का भी प्रयास कर मानवीय कार्य कर रहे हैं।उनके नियमित सेवाकार्य से प्रभावित होकर कई युवा रक्तदान के प्रति जागरूक होकर मदद के अभियान में जुटे हुए है।

अन्नकूट के आयोजन का निर्णय किया

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इस दौरान अध्यक्षता करते हुए राजेश मित्तल ने बताया कि संगठन की ओर से 24 नवंबर को अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अग्रसेन जयंती में विशिष्ट कार्य करने वाले एवं भामाशाहों का सम्मान होगा। इसके अलावा मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान गोवर्धन भगवान की पूजा के बाद प्रसादी होगी। वहीं खाटू श्याम बाबा का जागरण किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष राजेश मित्तल, महामंत्री हनुमान प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, महेश अग्रवाल, सुरेश चंद गर्ग, सत्यनारायण अग्रवाल, डॉ. प्रदीप अग्रवाल, राधेश्याम मंगल, राहुल गुप्ता संरक्षक, युवा अध्यक्ष मुकेश जैन, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, महामंत्री गौरव गर्ग, नवीन मित्तल, विष्णु अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, रनिश गोयल, विकाश मंगल, मनीष अग्रवाल, गायत्री मित्तल रीना मित्तल उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय मुशायरा आज

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला 2024 के अंतर्गत रविवार को रात्रि 8.30 बजे विजयश्री रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रख्यात शायर शेरो शायरी पढ़ेंगे। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय मुशायरा कार्यक्रम में ताहिर फराज, सिकंदर हयात गड़बड़, शाहिद अंजुम, सबीना अदीब, इकबाल अशहर, विजय तिवारी, अज्म शाकिरी, जिया टॉकी शेर पढ़ेंगे। इससे पहले शाम 7 बजे साफा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। राजवंशी ने बताया कि सोमवार को रात्रि 8.30 बजे लाफ्टर शो कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रख्यात हास्य कलाकार सुदेश लहरी और उदय दया अपने हास्य व्यंग्य और चुटकुलों से हंसी की फुहारे छोड़ेंगे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई

कोटा, (निसं)। वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव धूम धाम से मनाया गया। राकेश सफैला ने बताया कि गुमानपुरा स्थित वाल्मीकि मंदिर पर नवल धर्म सभा के पदाधिकारियों द्वारा मंगलाचरण पूजन अर्चन माला पहनाकर गर्म जोशी से जयघोष के जयकारे लगाये। इस अवसर पर संत रामप्रसाद, नवल रत्न राजकुमार सरसिया, मांगी लाल पटुना, रामदयाल नकवाल, राम स्वरूप भंडारी, रामरतन संगत, रोशन प्रधान, रवि सोनवाल, पंडित दुर्गा शंकर, जगदीश टांक आदि उपस्थित थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

छबड़ा (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के घट्टी गांव के निकट शनिवार को एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घट्टी गांव के निकट शनिवार सुबह पिपलिया,

■ बापचा थाना क्षेत्र का मामला

धरनावदा (मध्यप्रदेश) निवासी रामविलास मीणा (28) ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बापचा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जैपला पीएचसी पर चिकित्सको द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया तथा मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेस्टोरेंट में मारपीट और तोड़फोड़, दोनों पक्षों ने मुकदमा दर्ज कराया

कोटा, (निसं)। शहर के अनंतपुरा थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में एक रेस्टोरेंट में मारपीट व तोड़फोड़ हुई है। रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे कुछ बदमाशों की रेस्टोरेंट संचालक से किसी बात को लेकर बहस हो गई।

उसके बाद उन्होंने रेस्टोरेंट के स्टाफ के साथ गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। ट्रांसपोर्ट नगर में अर्बन पंजाबी फूड्स चलाने वाले श्यामलाल का कहना है कि 16 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे के आसपास की घटना है।

रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए नंद किशोर मीणा, परमानंद मीणा, राकेश, सोनू, दिनेश और रमेश आए थे। रेस्टोरेंट में खाना रखने के पहले ही शराब के नशे में पहुंचे ये लोग गाली-गलौच करने लगे। इस पर टोका टाकी की गई थी। तब इन्होंने प्लेट्स तोड़कर फेंक दी, साथ ही उनसे और उनके भतीजे अजय मदान के साथ मारपीट की है। उनकी जेब से 10 हजार रुपए नकद और अंगूठी छीनकर फरार हो गए। स्टाफ के समझाने पर अन्य कस्टमर और वेटर पर पत्थरबाजी शुरू कर दी।इससे रेस्टोरेंट के दरवाजे के हैंडल और कांच टूट गएं। घटना में उन्हें और उनके साथियों को चोट आई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। साथ ही कहा है कि अगर वो रेस्टोरेंट को खोलते हैं तो उन्हें जिंदा जला देंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हमारे मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की और मुकदमा भी दर्ज नहीं किया। ऐसे में 17 अक्टूबर को रात 10 बजे वापस ये बदमाश आएं और पथराव करके फरार हो गएं। ऐसे में बदमाशों की वजह से वो रेस्टोरेंट नहीं चला पा रहे हैं क्योंकि घर से निकलते ही तीन-चार वाहन उनके पीछ लग जा रहे हैं।

अनंतपुरा थाना अधिकारी भूपेंद्र चारण ने बताया कि इस मामले में रेस्टोरेंट मालिक ने 17 अक्टूबर की रात को शिकायत दी थी। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने 18 अक्टूबर को शिकायत दी है। दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच पुलिस उप-अधीक्षक चतुर्थ मनीष शर्मा कर रहे हैं। व्यापारी के कार्रवाई में देरी के आरोप पर उन्होंने कहा कि एससी एसटी एक्ट के तहत जांच की लंबी प्रक्रिया है इसलिए देर हो रही है।

खाद्य सामग्री के सात नमूने लिए

छबड़ा (निसं)। त्यौहारी सीजन में खाद्य विभाग अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा हैं। शनिवार को फूड इंस्पेक्टर के छबडा पहुंचने की सूचना पर दुकानदारो ने अपनी दुकानो की षटरे गिरा दी। फिर भी यहां की दुकानो से खाद्य सामग्री के सात नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोवर्धन चौधरी ने छबडा में मंगल किराना स्टोर से वनस्पति घी, रिफाइंड सोयाबीन तेल, सोयाबड़ी, गोविंद स्वीट्स से दूध, दही, मिल्क केक एवं गुर्जर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी के नमूने लिए गए जो कोटा लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई के भय से दुकानदारों ने दुकाने बंद कर दी थी। बावजूद इसके समझाइष कर 7 नमूने लिए गए। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी एवं व्यापारियो को दीपावली त्यौहार पर साफ सफाई रखने, एक्सपायरी ब्रेकेज को अलग से रखने, शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए निर्देशित किया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना शादी पूर्व का नाम भाविका रविन्द्र ठक्कर से बदलकर शादी पश्चात नया नाम भाविका अर्पित पटेल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-भाविका अर्पित पटेल पत्नी अर्पित अरविन्द भाई पटेल श्री स्वामी नारायण भवन श्रीपुरा कोटा

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना
सिंगनल एंव दूर संचार विभाग
दिनांक: 17.10.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.म.सं. एवं दू.सं.इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों **Tender No.KOTA/SNT/SIG/2022/14R1** के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/सिग./2022/14R1, **कार्य का नामः** सवाईमाधोपुर बी लेवर फ्रेम प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रोनिक इन्टरलोकिंग इन लियू ऑफ ऑल्ड एण्ड ऑबसोल्यूट मेकेनिकल लेवर फ्रेम।, **कार्य की अनुमानित लागतः** रू. 1,19,12,716.50/-, **बयाना राशिः** रू.2,09,600/-, **तारीख एवं समयः** दिनांक 14.11.2024 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in/. पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिए।

वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी.(समन्वय), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

अग्नि कांड में पीड़ित ब्राह्मण परिवार को सहायता दी

कोटा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) के नेतृत्व में सांगोद तहसील के गांव मोइकलां जाकर तलवास गुरुकुल में हुये अग्निकांड में जान गंवा बैठे छात्र स्व.शिवशंकर शर्मा के परिजनों को ढाढ़स बंधाया एवं आर्थिक सहायता के रूप में 45000 का चेक सौंपा। इस अवसर पर भुवनेश्वर शर्मा ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि इस घटना के इतने दिन बीतने के बाद भी प्रशासन ने पीड़ित परिवार की सुध नहीं ली ओर ना ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, जबकि परिवार बहुत ही गरीब स्थिति में जीवन-यापन कर रहा हैं। साथ ही इसी अग्निकांड में बूंदी निवासी मृतक बालक रितेश शर्मा के परिजनों को भी 45000 रूपये एवं घायल अभिजीत शर्मा को भी 11000 रुपए विप्र फाउंडेशन की ओर से सहायता राशि उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज एकजुट होकर उनके साथ है अभी जो सहायता राशि उपलब्ध कराई है यदि आवश्यकता होगी तो समाज और भी सहायता करेगा स यह अनहोनी घटना है हम इस घटना की सीबीआई जाँच की मांग करते है। अग्निकांड मे घायल अभिजीत शर्मा जिनका इलाज जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में चल रहा था वो भी वापिस कोटा आ गया विप्र फाउंडेशन का प्रतिनिधिमंडल उस बालक से घर पर जाकर मिला एवं उसे देखा तथा उसके ईलाज की व्यवस्था की व परिवार जनो को हौसला बंधया। प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी प्रदेश अध्यक्ष, हरिसूदन शर्मा प्रदेश प्रमुख महामंत्री, नवल किशोर श्रृंगी संरक्षक, विष्णु गौतम प्रदेश अध्यक्ष युवा, विकास तिवारी जिलाध्यक्ष कोटा ग्रामीण, कपिल शर्मा जिलाध्यक्ष बारां केबी गौतम, पत्रकार बंटी जोशी बपावर, दुष्यंत शर्मा बारां, श्याम गौतम बारां, सांगोद से तहसील अध्यक्ष ओम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रोहित जोशी, बपावर मण्डल अध्यक्ष श्याम शर्मा प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

131 वां राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा

श्री राम कथा
(पूज्य पंडित विजय शंकर मेहता जी के श्रीमुख से)
दोपहर 2.30 बजे से 5 बजे तक | श्री राम रंगमंच | प्रायोजक: के. डी.ए.

साफा प्रतियोगिता
रात्रि 7:00 बजे

अखिल भारतीय मुशायरा
(जनाब ताहिर फ़राज़, जनाब सिकंदर हयात गड़बड़, जनाब शाहिद अंजुम, मोहतरमा शबीना अदीब, जनाब इकबाल अशहर, श्री विजय तिवारी, जनाब अज़्म शाकिरी, जनाब जिया टोंकी)
रात्रि 8:30 बजे | प्रायोजक: के. डी.ए.

20 अक्टूबर 2024, रविवार | विजयश्री रंगमंच, दशहरा मैदान, कोटा

परिसभाध्यक्षी
श्री निज़ामुद्दीन खान (बबलू) पूर्व अध्यक्ष जिला बार कमेटी
श्री सफदर हुसैन समाजसेवी
श्री सलीम अब्बासी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
श्री साजिद जावेद उपाध्यक्ष जिला बार कमेटी,
श्री वाहिद कुरेशी पूर्व उपाध्यक्ष जिला बार कमेटी

* आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं *

विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति
नगर निगम दक्षिण-उत्तर परिवार

ग्रामवासियों ने कहा वोल्टेज कम आते हैं, मंत्री ने एक दिन में समाधान के निर्देश दिए

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में आयोजित किए जा रहे सरकार आपके द्वार जनसमस्या समाधान शिविर लोगों के लिए समस्या के त्वरित समाधान का प्लेटफॉर्म बनकर उभर रहे हैं।

रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के जुल्मी में शनिवार को आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में ग्रामवासियों ने शिक्षा मंत्री को बताया कि बिजली बहुत कम वोल्टेज से आती है जिससे बहुत परेशानी है। इसका समाधान शीघ्र किया जाऐं। शिक्षा मंत्री

■ जुल्मी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जनसुनवाई की

ने मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता विष्णु दत्त को रविवार तक इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिऐं। इसी प्रकार बिजली कनेक्शन के नाम पर जुल्मी की रहने वाली विधवा महिला गुड्डी बाई से तीन हजार रुपए ऐंठने की शिकायत पर मंत्री ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

गुड्डी बाई ने मंत्री दिलावर को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उन्होंने रक्षाबंधन के 4 दिन पूर्व बिजली कनेक्शन करवाने के लिए राकेश नामक व्यक्ति को 3 हजार रुपए दिए थे परन्तु

मंत्री मदन दिलावर ने जनसुनवाई की है।

अभी तक कनेक्शन नहीं हुआ और राकेश ने पैसे भी नहीं लौटाए।

इस पर मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाया। पूछताछ की तो पता चला कि राकेश नाम का व्यक्ति बिजली विभाग में कार्यरत नहीं है। शिक्षा मंत्री ने तत्काल पुलिस को निर्देश दिए कि संबंधित व्यक्ति को लेकर आएं। राकेश ने शिविर में आकर स्वीकार किया कि उसने कनेक्शन की फाइल बनाने के पैसे लिए थे। फाईल के 1200 खर्च हो गए बाकी 1800 रुपए महिला को लौटा दिए है। मंत्री ने कहा कि महिला विधवा है और एकल नारी है, अतः कनेक्शन निःशुल्क होगा। बाकी के पैसे भी लौटाओ। मंत्री दिलावर ने नाराजगी जताई कि विभाग में बिजली कनेक्शन के नाम पर बिचौलिए कैसे काम कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि राकेश के खिलाफ एक्शन लें एवं महिला के पैसे दिलवाएं। शिविर में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, रामगंजमंडी के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा तथा अन्य ने शिक्षा मंत्री को रामगंजमंडी में मास्टर प्लान के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में 150 से ज्यादा ट्रांसपोर्ट कंपनी कार्यरत है। ट्रांसपोर्ट कंपनियों को एक जगह स्थापित करने एवं ट्रकों की पार्किंग एक जगह होने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रामगंजमंडी मास्टर प्लान में निमाना रोड पर स्पाइस पार्क के पास ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की गई है।

इस भूमि पर शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाए। मंत्री ने यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिविर में आए परिवादों पर शिक्षा मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांकः-ननिको द./वि./2024/803-811 दिनांकः-18.10.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा किसी भी सरकारी ए